# हिमाचल प्रदेश की झमकड़ा नृत्य व लोक गायन से लोग हुए प्रेम मुदित

## मन से कहो राम राम, श्री राम नाम की धुन से गुंजायमान हुआ तुलसी उद्यान

तेजयुग न्यूज





**अयोध्या :** तुलसी उद्यान में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत सातों जोन के द्वारा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज व संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश,उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित रामोत्तसव कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को पहली प्रस्तुति लखनऊ की ब्यूटी चक्रवर्ती की लोक गायन कैसे श्याम को मै मनाऊं, बजी श्याम की बसुरिया, राम नाम की माला जपेगा, राम सिया राम की प्रस्तुति को देख दर्शक झूम उठे और तालियां बजाई।

दुसरी प्रस्तुति प्रयागराज से आए लोक गायक बृजभान यादव की लोक गायन रही। इसके पश्चात गोवा की असवार गांवकर की शिगमो चवरंग नृत्य रही। कौशांबी के बिरहा गायक जयकरन जिद्दी व काजल कोकिला कौशाम्बी से चैता 'होली बिरहा सोहर गीत 'दशरथ की फूली फुलवारी हो रामा चेता महिलवा, 'कब अइहा राम हमरी नगरिया राजू' प्रमेन्द्र कुमार राजू दिनेश कुमार आदि कलाकारो की गीत से दर्शक सराबोर हुए। राजस्थान के गणेश दास तेराताली नृत्य की प्रस्तुती रही जिसमें तेरा तालिया के अन्तर्गत मुंह में कटार लेकर सिर पर कलश रहकर लगातार मजिरा को बजाती रही।

डॉक्टर अस्मिता मिश्रा लखनऊ लोक गायन जो विगत बारह वर्षो से हैदराबाद में संगीत साधना की भक्ति संगीत प्रस्तुति जो भातखंडे संगीत संस्थान लखनऊ से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में मास्टर्स एवं खैरागढ़ यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हैं। हैदराबाद में 'स्वरांगन' एवं 'कलाकृति' संस्थाओं के माध्यम से संगीत शिक्षण कर संगीत की प्रस्तुति देती रहती है उनकी पहली गायन प्रस्तुति प्रेम मुदित मन से कहो राम राम श्री राम नाम की धुन दूसरी गायन वर्षो की कठिन तपस्या के बाद सारे जग को पालन हार मिला, बलम संग झूले राज बिहारी, तेरा धन्य भाग है,प्रेम मुदित मन से कहो की प्रस्तुति सभी दर्शकों को राम नाम की धुन में शराबोर कर दिया। इसके पश्चात हिमाचल प्रदेश की शिवानी नेगी की झमकड़ा नृत्य झमाकड़ा लोक नृत्य कांगड़ा जनपद का अत्यंत लोक प्रिय नृत्य है। यह नृत्य विवाह संस्कारो का अनुष्ठानात्मक नृत्य है, जिसमें संस्कार नृत्यों का क्रमवार निर्वहन किया जाता है। इन गीतों को विवाह उत्सव में लोक नारियां हंसी खुशी गाती तथा हर्षोल्लास से झूम उठती हैं।



कांगड़ा की शिवानी नेगी के द्वारा विवाह उत्सव की आनंदमय प्रस्तुति किया। इसके पश्चात वृंदावन की सीमा मोरवाल की लोक गायन बकृष्ण के राम आदि संस्कृति का उदय है वहां की लोक परंपराओं में राम के गीत अवधी संस्कारों में गाए जाते हैं को गायी राम आए अवध में आनंद भाई सारी जग में, तेरी नैया हो जाए पार, हुआ मंदिर का निर्माण अमृत रस बरस रहा की प्रस्तुति बहुत ही मधुर रही। इसके पश्चात राजस्थान की धन्नालाल कोटा की भवाई नृत्य की प्रस्तुति रही ।

# पांच परियोजनाओं का वर्चुली हुआ लोकार्पण व शिलान्यास जनप्रतिनिधियों ने देखा

## अयोध्या के आसपास के धार्मिक आस्था के केन्द्र का समुचित विकास किया गया




तेजयुग न्यूज

**अयोध्या :** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा अयोध्या की 2062 करोड़ की लागत की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण वर्चुअली किया। चार स्थानों पर समारोह का अयोजन किया गया। तथा प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव सुना गया। इस दौरान अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर 105.68 करोड़ की लागत से बनने वाले यूनिवर्सल कोचिंग मेटिनेंस का शिलान्यास, 1796.35 करोड़ की लागत से 161 किमी. अयोध्या- सलारपुर-बाराबंकी रेलवे लाइन दोहरीकरण, सलारपुर रेलवे स्टेशन में 150 करोड़ की लागत से निर्मित मालगोदाम का लोकार्पण, बिल्हरि घाट पर 10 करोड़ की लागत का कोल साइडिंग का लोकार्पण व रौजागांव स्टेशन स्थित 9.5 करोड़ की लागत का मालगोदाम का शिलान्यास किया गया।

अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अयोध्या का अभूतपूर्व विकास किया जा रहा है। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए रामपथ का निर्माण हो गया है। 6 रेलवे ओबर ब्रिज बन रहें है। अयोध्या के आसपास के धार्मिक आस्था के केन्द्र का समुचित विकास किया गया है। पूरे विश्व की धार्मिक राजधानी के रूप में विकसित किया गया है। अयोध्या कैंट स्टेशन पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, तिलक राम मौर्य, शैलेन्द्र कोरी मौजूद रहे। रौजागांव रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि मोदी सरकार में जन-धन व आधार व मोबाइल ने न केवल सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में से लीकेज को खत्म किया है बल्कि सब लाभर्थियों को उनका हक बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके बैंक एकाउंट में पहुंच रहा है। अन्न योजना में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है। शिवगोविन्द पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह, रामदीन वर्मा मौजूद रहे।

सलारपुर में आयोजित समारोह में विधायक डा. अमित सिंह चौहान के कहा सरकार की हर नीति में भारत प्रथम है। जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया गया है। किसान की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। गरीब के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। श्रमिकों को सम्मान मिला है। इस दौरान पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, इन्द्रभान सिंह उपस्थित रहे। बिल्हरि घाट स्टेशन पर आयोजित समारोह में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा विगत दस सालों में देश ने कई उपलब्धियों का साक्षात्कार किया है। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ ने देश में सहभागिता का नया अध्याय शुरू किया है। कोविड प्रबंधन तथा जन-भागीदारी की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। बिल्हरि घाट पर आयोजित समारोह में जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, रणधीर सिंह डब्लू उपस्थित रहे। सभी स्थानों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित जर्जर भवन में बनाया गया पोलिंग बूथ




तेजयुग न्यूज

**अयोध्या :** विकास खंड सोहावल के पोलिंग स्टेशन तहसीनपुर के दो बूथ प्राथमिक विद्यालय के उस जर्जर भवन में स्थापित किए गए है जिन्हे बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछ्ले कई वर्ष पहले से प्रतिबंधित कर रक्खा है। सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक इस जर्जर भवन के भीतर बैठ कर गत शनिवार को लोक सभा चुनाव से जुड़े ग्रामीण मतदाताओं के साथ चुनाव अधिकारी नायब तहसीलदार ने बी एल ओ आदि के साथ मतदाता सूची का प्रदर्शन किया और जान जोखिम में डाल कर मतदान कराने की तैयारी है।

विधान सभा चुनाव प्रक्रिया प्रभारी एम एम त्रिपाठी ने बताया बूथ जर्जर भवन से अलग बनाने के लिए स्थान तलाश का काम किया गया लेकिन दो बूथ एक साथ बनाने के लिए कोई जगह पंचायत में और नही मिली है। मतदान के लिए विद्यालय में दो कक्ष अगल बगल से बने है इसी में बूथ बनाने की तैयारी है।

# एसएसपी के निवास के बाहर खड़ी कार में लाखों की चोरी



तेजयुग न्यूज

**मथुरा।** जनपद मथुरा में एसएसपी शैलेश पांडे से मिलने आए हरियाणा के एक बिल्डर की गाड़ी से अज्ञात चोर उचक्के 4 लाख रुपए की नकदी से भरी अटेची को निकाल ले गए। एसएसपी आवास पर मंगलवार सुबह दिनदहाड़े फरियाद लेकर आए एक बिल्डर की कार का शीशा तोड़कर नगदी से भरा बैग को शातिर चोर चुरा ले गए।

बेखोफ चोरएसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के आवास के बाहर खड़ी बिल्डर दीपक गुप्ता निवासी फरीदाबाद की गाड़ी का शीशा तोड़कर 4 लाख रुपए पार कर ले गए। बिल्डर दीपक गुप्ता जमीनी विवाद मामले में एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय से उनके आवास पर मीटिंग करने के लिए आए थे। पीड़ित दीपक गुप्ता ने बताया के उनकी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है और इस सिलसिले में वह एसएसपी से मिलने के लिए आए थे। घटना की सूचना मिलते ही 4 थाने का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और खुलासे में जुट गया।

आवास के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खगाले जा रहे हैं। एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। घटना के आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

# एक साइकिल पर सवार दो किशोर को कार ने मारी टकर एक की मौत

**अयोध्या :** जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सत्तीचौरा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवराकोट संपर्क मार्ग के समीप अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही कार ने पीछे से साइकिल सवार किशोर को जोर दार टक्कर मार दिया। जिसके कारण मौके पर साइकिल सवार छात्र इसी थाना लहरापुर निवासी उम्र लगभग 12 वर्ष अंकित पाल पुत्र कैलाश उर्फ गुड्डू पाल निवासी लहरपुरा की मौके पर मौत हो गयी। तथा इसी गांव निवासी विवेक चौबे उम्र लगभग 13 वर्ष पुत्र स्वर्गीय प्रदीप चौबे निवासी लहरापुर को बेहोशी के हालत मे स्थानीय लोगो ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल ने बताया कि मृतक अंकित पाल का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है वाहन चालक सहित कार को कब्जे में ले लिया गया है मामले की छानबीन की जा रही है अभी कोई तहरीर नहीं मिली है मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# पंचायत सहायक ने प्रधान व सचिव पर नौकरी से निकाल देने की धमकी का आरोप

## पंचायत भवन में बने शौचालय व लगा कैमरा अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू




तेजयुग न्यूज

**मिल्कीपुर/अयोध्या :** जनपद के विकासखंड अमानीगंज क्षेत्र के पूरे लाल खां ग्राम पंचायत से जुड़ा है। जहां पर पंचायत सहायक कांती देवी ने ग्राम प्रधान शंकर बक्श यादव व सचिव पर आरोप लगाते हुए बताया कि पंचायत भवन में रिचार्ज से लेकर अन्य कार्य का पैसा अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है।

जब ग्राम प्रधान व सचिव से रिचार्ज की बात करते हैं तो टालमटोल कर देते हैं। पंचायत सहायक कांति देवी ने आरोप लगाया है कि रिचार्ज व अन्य कार्य पंचायत भवन का ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा नहीं करवाया जाते हैं जिससे हम लोगों को काफी दिक्कतें आती हैं। वेतन निकालकर पंचायत भवन में रिचार्ज से लेकर अन्य कार्य तक करवाना पड़ता है।

कहा कि अगर हम किसी से शिकायत करें तो नौकरी से निकाल देने की बात कही जाती हैं। मजे की बात तो यह है कि जब से पंचायत भवन बना है तब से आज तक कैमरा लगा तो जरूर है लेकिन चालू नहीं हुआ वही जब पंचायत भवन पूरे लाल खां पर पंचायत सहायक कांति देवी द्वारा लगाए गए आरोप के बारे में ग्राम प्रधान शंकर बक्स यादव से बात की गई तो उनका कहना है कि हमें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है पंचायत सहायक से पूछ कर बताता हूं। वही जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो खबर लिखने तक मोबाइल नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।




# मोर्चा की परिक्रमा के समापन अवसर पर शिरकत करते हुए

## पुनः टिकट मिलने पर हेमा मालिनी ने जनता का जताया आभार

तेजयुग न्यूज

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन सांसद हेमा मालिनी ने किया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का समापन पप्पू ढाबा कोट वन बॉर्डर पर किया गया समापन के दौरान सांसद हेमा मालिनी ने अपने शब्दों में कहा की मथुरा की जनता ने मुझे दो बार सांसद बनाने का मौका दिया है और मैं मथुरा की जनता की बहुत बड़ी आभारी हूं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा पूर्ण होने की जिला अध्यक्ष चरन सिंह जादौन जी को बहुत-बहुत धन्यवाद किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी मेरुकांत पांडे नरेंद्र रावत सुरेश तरकर मानवेंद्र प्रधान मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र सिंह बात जनता पार्टी के किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# पेड़ से लटकता मिला किसान के नाबालिग बेटे का शव

तेजयुग न्यूज

**अयोध्या :** जनपद के रौनाही थाना के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा हाजीपुर बरसेंडी मजरे अवधेश नगर (मदरहवा) निवासी कृष्ण कुमार 16 वर्ष पुत्र राम सागर निषाद का पेड से लटकता शव मिलने से गांव मे हडकंप मच गया। परिजनो के अनुसार मृतक छुट्टा जानवरो से फसल की रखवाली करने के लिए खेत मे गया था। सुबह पेड की डाल पर गले मे गमछे से लटकता हुआ शव मिला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस सम्बन्ध मे पूछे जाने पर चौकी प्रभारी गोविन्द अग्रवाल ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। जाँच सभी पहलू पर की जा रही है पीएम रिप्रोर्ट मिलने के बाद हत्या आत्म हत्या का मामला साफ होगा और अग्रिम कार्यवाही की जाएगीं।

# बी. एड. विभाग में 'अपॉर्चुनिटीज एंड गाइडेंस फॉर बी. एड. स्टूडेंट्स' विषय पर इनवाइटेड टॉक का आयोजन

टी.बी. लाल

**बलरामपुर :** बी. एड. विभाग में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 'करियर अपॉर्चुनिटीज एंड गाइडेंस फॉर बी. एड. स्टूडेंट्स' विषय पर एक इनवाइटेड टॉक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एलेन कैरियर इंस्टिट्यूट कोटा, राजस्थान से मनोज राय एसोसिएट प्रोफेसर ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के कई मूल मंत्र देते हुए कहा कि खुद से निश्चय किए गए लक्ष्य पर सकारात्मक रहकर कार्य करना चाहिए तथा किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए वॉइस माड्यूलेशन बहुत जरूरी बताया। उन्होंने एलेन इंस्टीट्यूट कोटा, राजस्थान में नीट की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्र-छात्राओं की गतिविधियों से परिचय कराया कि वे लोग किस तरह तैयारी करते हैं। उन्होंने बीएड पाठ्यक्रम को व्यक्तित्व विकास तथा करियर के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।



कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राम रहीस, असिस्टेंट प्रोफेसर बी. एड. विभाग ने बी.एड. के विद्यार्थियों को बी. एड. की विभिन्न क्षेत्रों में करियर अपॉर्चुनिटीज के बारे में विस्तार से बताया। सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. बसंत कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को टीजीटी पीजीटी में सफल होने के गुरु मंत्र दिए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत बी एड की छात्राओं रुचि चौधरी, अर्चना मौर्य एवं पल्लवी वर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। कल्पना पांडे, आकांक्षा वर्मा व पल्लवी वर्मा ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत गया। डॉ. सीमा सिंह ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. राम रहीस ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बी.एड. के लगभग 65 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।